
GPS Map Camera
Shahbad,Haryana,India
Shaheed Bhagat Singh Gali, Subhash Nagar,
Shahbad, Haryana 136135, India
Lat 30.171601, Long 76.865579
08/15/2025 10:19 am GMT+05:30

संक्षिप्त समाचार

स्वतंत्रता दिवस पर ध्वजारोहण समारोह आयोजित

तिरंगा फहराते प्रबंधन समिति के प्रधान राम लाल बंसल, प्रिंसिपल डा. आरती त्रेहन व स्टाफ सदस्य। (राजन सपड़ा)

शाहाबाद मारकंडा, 16 अगस्त (राजन सपड़ा) : आर्य कन्या महाविद्यालय में स्वतन्त्रता दिवस हर्षोल्लास के साथ मनाया गया। कार्यक्रम के मुख्यातिथि प्रबंधन समिति के प्रधान रामलाल गुप्ता ने महाविद्यालय प्रांगण में ध्वजारोहण किया व राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। प्रबंधन समिति के उपाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता, मोहिंद्र प्रकाश कंसल व महाविद्यालय के शिक्षक एवं गैरशिक्षक वर्ग तथा छात्राओं ने राष्ट्रीय ध्वज के सम्मान में राष्ट्रीय गान गाया एवं तिरंगा शपथ ली। महाविद्यालय की प्राचार्या डा. आरती त्रेहन ने मुख्य अतिथि को पुष्पगुच्छ भेंट करके स्वागत किया। मुख्यातिथि रामलाल बंसल ने अपने सम्बोधन में सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। उपाध्यक्ष कुलदीप गुप्ता, कोषाध्यक्ष विष्णु भगवान गुप्ता, इतिहास विभागाध्यक्षा डा. मुमताज, कार्यक्रम ऑफिसर डा. कविता मेहता व डा. स्वरित शर्मा ने विचार प्रकट किए।

शाहाबाद : 79वें स्वतंत्रता दिवस के उपलक्ष्य में आर्य कन्या ... में मुख्यातिथि प्रबंधक समिति के प्रधान रामलाल गुप्ता